केंद्र सरकार के उद्योग संवर्धन विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में यूपी टॉप टेन राज्यों में

# कोरोना के बावजूद यूपी में बढ़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

**हिन्दुस्तान खास**

राज्य मुख्यालय | **अजित खरे**

कोरोना काल जैसे विपरीत हालात के बावजूद उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा है। पिछले साल अक्तूबर से इस साल मार्च तक राज्य में विदेशी निवेशकों द्वारा 4861 करोड़ रुपये (665 मिलियन यूएस डालर) का निवेश किया गया। विदेशी निवेश की यह आमद केवल गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, लखनऊ और आगरा जैसे बड़े जिलों में ही देखने को नहीं मिल रही है बल्कि एटा, अमरोहा मिर्जापुर जैसे छोटे जिले भी विदेशी निवेश के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। केंद्र सरकार के उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक,विदेशी निवेश के मामले में यूपी टाप टेन राज्यों में है। राजस्थान, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं। यूके, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, यूएई,अमेरिका की कंपनियां अपनी कई योजनाओं के साथ यहां निवेश के लिए आ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, नव्य अयोध्या एक्सप्रेसवे बनने के बाद निवेश और बढ़ेगा।

## ये जिले निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बने

आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज,अमरोहा, एटा, फर्रुखाबाद, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर बागपत व चित्रकूट।

**05** हजार करोड़ के करीब निवेश मार्च तक यूपी में हुआ

**18** जिलों में विदेशी निवेशक लगा रहे कंपनी के प्लांट

## इन क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

सर्विस सेक्टर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, साफ्टवेयर, टेलीकम्युनिकेशन, मोबाइल सेट निर्माण, टाउनशिप, हाउसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, आटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग, पर्यटन, कैमिकल।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बना माहौल

एमएसएमई व निवेश प्रोत्साहनकैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के अनुसार कोरोना काल विदेशी निवेशकों को यूपी लाने के लिए हेल्पडेस्क बनाई गई। वहां के निवेशकों से दूतावासों के जरिए बात की गई। सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए उनके प्रस्तावों को जल्द अमल में कराया गया। इस तरह ईज आफ डूइंग बिजनेस का बना माहौल विदेशी निवेशकों को उत्साहित कर रहा है। आने वाले वक्त में बड़ी तादाद में विदेशी निवेशक यूपी के विभिन्न हिस्सों में अपनी परियोजनाएं लगाएंगे।

## मोदी रखेंगे डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड की नींव

उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के तहत अलीगढ़ नोड का काम सबसे तेज हुआ है। यहां यूपीडा ने निवेशकों को 55.4 हेक्टेयर से अधिक जमीन आवंटित कर दी है। जहां पर रक्षा क्षेत्र से जुड़ी 19 कंपनियां 1245 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द इसका शिलान्यास करेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी के मुताबिक 10.21 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन सड़क समेत कई अन्य निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं।